# Regional Coordinating Institute, Unnat Bharat Abhiyan

## IIT Roorkee

### (News Clipping)

**अमर उजाला**

शुक्रवार • 07.02.2020

# 'ग्रामीणों की सोच में बदलाव से मिलेगी विकास को गति'

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**रुड़की।** आईआईटी रुड़की में आयोजित मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम ऑन रूरल डेवलपमेंट लीडरशिप पर कार्यशाला का समापन हो गया। इस मौके पर कहा गया कि ग्रामीणों की सोच में बदलाव से ही गांवों के विकास को गति मिलेगी।

समापन समारोह में राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान गुवाहाटी के निदेशक प्रो. राजीव मोहन पंत ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशाला ग्रामीण विकास के लिए नेतृत्व क्षमता विकसित करने में सहायक सिद्ध होगी। ग्रामीणों की सोच में बदलाव लाकर बेहतर प्रबंधन के जरिए ही गांवों में विकास कार्यक्रम को संचालित करने में गति मिल सकेगी।

**आईआईटी में मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन**





आईआईटी में आयोजित कार्यशाला में जानकारी देते वक्ता और उपस्थित प्रतिभागी। -संवाद

आईआईटी रुड़की के समन्वयक प्रो. आशीष पांडेय ने कार्यशाला में व्याख्यान देने वाले सभी रिसोर्स पर्सन्स तथा इसमें सहभागिता निभाने वाले ग्राम प्रधानों, ग्रामीणों व स्वयं सहायता समूह का धन्यवाद किया।

कार्यक्रम को जल और अक्षय ऊर्जा विभाग आईआईटी रुड़की के प्रो. आरपी सैनी, राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान रुड़की के पूर्व निदेशक प्रो. आरडी सिंह, राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान गुवाहाटी से प्रो. एमके श्रीवास्तव ने भी कार्यशाला को संबोधित किया। सहायक परियोजना निदेशक नलिनीत घिल्डियाल और प्रो. तेजवीर सिंह ने कार्यशाला के बारे में विचार प्रस्तुत किए। इस मौके पर नितिन वर्मा व नितिन शर्मा आदि उपस्थित थे।